शासकीय सेवक अपना आधार नम्बर मतदाता परिचय पत्र से लिंक करायें

भोपाल : गुरूवार, फरवरी 19, 2015, 19:18 IST

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा शासकीय सेवकों के आधार नम्बर मतदाता परिचय पत्र से लिंक कराये जाने के निर्देश जारी किये गये हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने जिले के समस्त शासकीय सेवकों को निर्देर्शित किया है कि जिनके अपने आधार कार्ड बन चुके हैं वे आधार नम्बर को मतदाता परिचय पत्र से लिंक कराना सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा है सभी शासकीय पदाधिकारी, सेवक मतदाता हैं और उन सभी जिनके पास आधार नम्बर उपलब्ध है। आधार नम्बर को मतदाता परिचय पत्र से लिंक करने के लिये मतदाता अधिकारी, कर्मचारी www.ceomp.nic.in पर लॉग ऑन करने के बाद लिंक यूअर आधार कार्ड नम्बर इन ईरोल पीले बैकग्राउण्ड में लाल रंग में डेस्कटॉप पर लिखा है उसे क्लिक करने पर आधार नम्बर एंट्री, डिस्ट्रिक, एसेम्बली कांस्टिटयूसी, ईपिक नम्बर भरकर सर्च क्लिक करने पर आधार नम्बर, मोबाईल नम्बर की पूर्ति उपरांत सेन्ट वैरीफिकेशन कोड क्लिक करने पर आधार नम्बर को लिंक किया जा सकता है ।

रवि

TU
ADE